


# हिनौती गौधाम में संरक्षित शत प्रतिशत गौवंश का पंजीयन करायें : शुक्ल



नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 अक्टूबर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिये कि हिनौती गौधाम में संरक्षित शत प्रतिशत गौवंश का आगामी तीन दिनों में पंजीयन सुनिश्चित करें. उन्होंने लगभग 1200 से अधिक गौवंश की गणना कर पंजीयन कराने के निर्देश दिये.**

न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम में निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने प्रशासनिक भवन सहित सुरभि, कपिला व कामधेनु कूल गौशेड के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि जिन कार्यों के लिये प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है उनमें शीघ्र राशि जारी करें ताकि कार्य में विलंब न हो. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में प्राकृतिक खेती को प्रारंभ कराया जाय. हिनौती गौधाम में गत दिनों कराये गये वृक्षारोपण की स्थिति तथा फेंसिंग कार्य की भी जानकारी उप मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की. बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्य शीघ्र पूर्ण करें तथा गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाय. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम अनुराग तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

# शहर की सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी, सड़कों पर फैला कचरा

## समय पर नही होता कचरे का उठाव, दरोगा और सफाई कर्मियों की मनमानी, कचरा उठाने में लाखों का भुगतान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 अक्टूबर, शहर की स्वच्छता व्यवस्था एक बार फिर पटरी से नीचे उतरने लगी है. कचरा उठाने का ठेका रेमकी कम्पनी को दिया गया है और हर महीने लाखो का भुगतान किया जाता है. बावजूद इसके मोहल्लो में सड़कों पर कचरा बिखरा रहता है. कई मोहल्ले तो ऐसे है जहा कचरा उठाने गाड़ी पहुंचती ही नही है. हाल ही में स्वच्छता को लेकर निगम आयुक्त ने औचक निरीक्षण करने के साथ बैठक भी ली थी. जिसमें कई कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई थी. बावजूद इसके स्वच्छता व्यवस्था नही सुधर रही है.**



गौरतलब है कि शहर से कचरा उठाने का काम रेमकी कम्पनी के पास है और 120 टन कचरा उठाने का लगभग 70 से 75 लाख का भुगतान किया जाता है. लेकिन कम्पनी समय पर कचरा का उठाव नही करती. गली मोहल्ले में कचरा फैला रहता है जिसे जानवर बिखेर देते है. इतना ही नही कचरा नालियो में पहुंचता है जिससे नालियां जाम हो जाती है.

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में भर्रेशाही है कोई देखन वाला नही है. स्वच्छता निरीक्षक और दरोगा की मनमानी यहा चलती है. न तो समय पर मोहल्लो में कचरा उठाने गाड़ियां पहुंचती है और न ही सफाईकर्मी, बाल भारती स्कूल के पास गोयल मार्केट के पास कचरे का ढेर लगा रहा, जिसे जानवरो ने सड़क तक बिखेर दिया. गोयल मार्केट के आगे भी कचरे का ढेर लगा रहा. सफाईकर्मी कचरे को एकत्र कर एक जगह रख देते है लेकिन सड़क में गाड़ी नही पहुंचती तो वही कचरा फैल जाता है. स्वच्छता के मामले में एक बार फिर रीवा की स्थित खराब हो रही है.

हाल ही में महापौर अजय मिश्रा बाबा ने सफाई को लेकर नाराजगी व्यक्त की थी और दीपावली के बाद सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये थे.

### रेमकी कम्पनी की लापरवाही

कचरा उठाने वाली रेमकी कम्पनी की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है. समय पर न तो गाड़ियां पहुंचती है और न ही कचरा उठाया जाता है. जो कचरा गाड़ियां लेकर चलती है उसका कचरा सड़कों पर गिरता रहता है. इतना ही नही मानस भवन के बगल में जो यार्ड बनाया गया है वहा पर कई दिनो तक कचरा सड़ांध मारता हुआ पड़ा रहता है जिससे मोहल्लेवासी भी परेशान होते है. नगर निगम आयुक्त के बार-बार निर्देश के बाद भी कम्पनी के अधिकारी स्वच्छता पर ध्यान नही दे रहे है. शहर के पुराने मोहल्ले में अक्सर सड़कों पर कचरा फैला रहता है. मोहल्ले में कई दिनो तक गाड़ियां न जाने पर लोग सड़क के किनारे कचरा फेकते है. खासकर शहर के अंतिम छोर पर जो मोहल्ले है वहा गाड़ी प्रतिदिन नही पहुंचती है.

### एक का स्थानान्तरण, दूसरे अवकाश पर

नगर निगम चार जोन में बटा हुआ है और दो स्वास्थ्य अधिकारी है. अभी एक स्वास्थ्य अधिकारी का स्थानान्तरण सिंगरौली हो गया है, जबकि दूसरे मुरारी कुमार अवकाश पर है. जिसकी वजह से शहर की सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है कोई देखने वाला नही है. नए स्वास्थ्य अधिकारी की पदस्थापना की गई है, स्वच्छता निरीक्षक और दरोगा वार्डो में नियमित भ्रमण नही कर रहे है. कमिश्नर के निर्देश के बावजूद सफाई व्यवस्था हवा हवाई चल रही है. यही वजह है कि दीपावली के बाद से चारो तरफ गन्दगी देखने को मिल रही है.

# हिरन का शिकार करने वाले दो गिरफ्तार, बाकी फरार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 अक्टूबर, रीवा जिले के वन परिक्षेत्र गुढ़ के बदवार वीट के पोखरा पहाड़ में 25 अक्टूबर को 5 आरोपियो द्वारा हिरन का शिकार किया गया था.**



जिसमें वन विभाग बीट गार्ड आशुतोष पाण्डेय सहित लोकेश निरापुरे वन मंडल अधिकारी हितेश खण्डेलवाल उप वन मंडल अधिकारी अंबुज नयन पांडेय परिक्षेत्र अधिकारी हरिनाथ दास परिक्षेत्र सहायक गुढ़ एवं अन्य स्टाफ सहित अधिकारियों ने दो आरोपियों सहित मृत हिरन का मांस हड्डी वगैरह जप्त किया है.

विभाग ने दो आरोपियों पुरूषोत्तम केवट निवासी बेला दानी एवं सफीउल्ला खान निवासी अमिरती थाना गुढ़ को गिरफ्तार किया है. जबकि दो आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है.

# दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 अक्टूबर, सैनिक स्कूल रीवा में राष्ट्रीय खेल - 2025 का दूसरा दिन उत्साह और रोमांच से भरपूर रहा.**

दिनभर वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के लीग मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें सभी स्कूलों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया. यह उल्लेखनीय है कि ग्रुप स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद सभी टीमें अब राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले रही हैं. बास्केटबॉल मैच की जूनियर बॉयज़ कैटेगरी में सैनिक स्कूल झुनझुनू, भुवनेश्वर, अमरावती नगर और गोलपारा के कैडेट्स विजयी रहे.

वहीं, जूनियर गर्ल्स कैटेगरी में सैनिक स्कूल चंद्रपुर, चित्तौड़गढ़, पुंगलवा और न्यू सैनिक स्कूल विकासा की कैडेट्सनेजीत हासिल की. खिलाड़ियों में उत्साह देखा गया.

## संक्षिप्त

### टीएल बैठक आज

**रीवा**. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### किसानों को फसल के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण

**रीवा**. आगामी फसल की बोवाई के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इस संबंध में प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि ने बताया कि सीधी में खेत पाठशाला का आयोजन कर गांव में किसानों को आगामी फसल की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी गयी. किसानों को नरवाई न जलाने तथा इससे खाद बनाने की समझाइश दी गयी. किसानों को बोवाई से पहले खेतों की तैयारी तथा उर्वरक के संतुलित उपयोग की सलाह दी गई. किसानों को हाईब्रेड सरसों की खेती के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी. कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र का भ्रमण करके फसलों का जायजा लिया जा रहा है. इस क्रम में सहायक संचालक श्रीमती प्रीति द्विवेदी ने सतना जिले के ग्राम मौहारी तथा खुटहा में धान की फसल का निरीक्षण किया. धान की फसल पककर लगभग पूरी तरह से तैयार है. अच्छी वर्षा होने के कारण फसल बहुत अच्छी है. इसी क्रम में उप संचालक उद्यानिकी ने उचेहरा तथा मैहर में किसानों के साथ बैठक करके उन्हें औषधि पौधों की खेती की जानकारी दी. परंपरागत आनाजों की खेती की तुलना में औषधि पौधों की खेती में अधिक लाभ प्राप्त होता है. किसानों को औषधि पौधों अशुगंधा, सफेदमूसली, करायल की खेती की जानकारी दी गयी. मैहर जिले में कई किसान मसालों और औषधि पौधों की खेती में रूचि दिखा रहे हैं.




### आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर लगाया गया

**रीवा**. वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के कुशल एवं त्वरित निपटान को सुगम बनाने के उद्देश्य से आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान अन्तर्गत कैंप का आयोजन किया गया. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, यूनियन बैंक के उप महाप्रबंधक एवं सहायक महाप्रबंधक तथा बैंकर्स उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के वित्त सेवा विभाग द्वारा 31 दिसंबर तक बैंकों में जागरूकता शिविर आयोजित किये जा रहे हैं जिसके माध्यम से गत दस वर्ष में जिन खातों में कोई लेन देन नहीं हुआ उनकी राशि रिजर्व बैंक में भेज दी गई है. रिजर्व बैंक द्वारा उपरोक्त राशि को संबंधित बैंकों को भेजकर निर्देश दिये गये हैं कि पहचान कर संबंधित खातेदार को राशि को वापस किया जाय. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बैंकर्स से कहा कि ऐसे ग्रामीण खाताधारकों की सूची उपलब्ध करायें ताकि ग्राम सभा में वाचन कराकर उनकी पहचान के उपरांत राशि वापस किये जाने की कार्यवाही की जाय. इसी क्रम में शासकीय विभागों के खातों की भी सूची प्रस्तुत करने की बात कलेक्टर द्वारा कही गई. क्षेत्रीय प्रबंधक अजय खरे ने बताया कि रीवा जिले में यूनियन बैंक में 51 करोड़ रूपये की अनक्लेम्ड राशि को संबंधित खातेदार की पहचान के लिये जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि वह उनके खातों में वापस की जा सके. अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन ने बताया कि अनक्लेम्ड जमा राशि, अनक्लेम्ड बीमा दावे, अनक्लेम्ड डिविडेंड, अनक्लेम्ड शेयर एवं म्यूचुअल फण्ड से संबंधित दावे प्राप्त करने के लिए निवेशकों को आवश्यक सहयोग और सहायता दी जाएगी. इसके लिए शिविर में पृथक-पृथक काउंटर उपलब्ध रहेंगे. अग्रणी बैंक प्रबंधक ने कहा कि आमजनता शिविर का लाभ उठाकर अपनी अनक्लेम्ड राशि वापस ले सकते हैं.

# अतिथि विद्वानों की नियुक्ति को लेकर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 अक्टूबर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में अतिथि विद्वानों की नियुक्ति में नियमो की धज्जियां उड़ाई गई और मनमानी तरीके से नियुक्ति की गई है. अधिवक्ता अभिषेक तिवारी ने कुलगुरू और विश्वविद्यालय प्रशासन पर सवाल उठाया है. साथ ही पूरे मामले की जांच कराए जाने की मांग की है.**

पत्रकारवार्ता में आरोप लगाया गया कि विश्वविद्यालय में अयोग्य अतिथि विद्वानों की नियुक्ति अवैध तरीके से की गई है. कुलगुरू, कुलसचिव और विभागाध्यक्षो की मिली भगत से 20 नियुक्ति की गई है. सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में करीब 20 अतिथि विद्वानों की नियुक्तियाँ पूर्णत: नियमविरुद्ध तरीके से की गईं, जिनमें न न्यूनतम योग्यता का पालन हुआ, न प्रक्रिया का. विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह नियुक्तियाँ वॉक-इन इंटरव्यू प्रक्रिया और कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदित नियमावली को दरकिनार करते हुए मात्र नोटशीट पर अनुमोदित कर दीं. 2016 तक एपीएस विश्वविद्यालय में अतिथि विद्वानों की नियुक्ति नोटशीट अनुमोदन प्रणाली से होती थी. लेकिन उस पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके बाद तत्कालीन विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक प्राध्यापक समिति गठित कर अतिथि विद्वानों के लिए नई नियमावली तैयार की. इस नियमावली को विद्या परिषद एवं कार्यपरिषद दोनों ने अनुमोदित किया और सत्र 2016-17 से यह प्रभावी हुई. इस नियमावली के अनुसार 50% अंक शैक्षणिक उपलब्धियों (दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, नेट/सेट/पीएचडी एवं शोध प्रकाशन) पर आधारित होंगे. 50% अंक वॉक-इन इंटरव्यू में दिए जाएंगे.

इंटरव्यू समिति में संबंधित विषय के डीन, विभागाध्यक्ष, बाह्य विशेषज्ञ एवं एससी/एसटी वर्ग के प्राध्यापक अनिवार्य होंगे यह प्रक्रिया विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की स्वीकृति से बनी और आज भी प्रभावशील है.

सवाल यह उठता है कि कुलगुरू को कार्य परिषद द्वारा अनुमोदित नियमावली रद्द करने या अनदेखी करने का अधिकार है या नही. जिस तरह मनमानी तरीके से अतिथि विद्वानों को रखा है कि उसकी ईओडब्ल्यू से जांच कराई जाय.

### 2025-26 में उड़ी नियमों की धज्जियाँ

सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस नियमावली को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया. कुलगुरु और प्रशासन ने न तो किसी प्रकार का विज्ञापन जारी किया, न ही इंटरव्यू आयोजित किया. बल्कि, विभागाध्यक्षों से सिफारिश लेकर केवल नोटशीट पर नाम लिखकर नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए. यह कदम न केवल विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के निर्णयों का उल्लंघन है, बल्कि विश्वविद्यालय प्रशासन की नियमनिरपेक्षता और मनमानी को भी उजागर करता है. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी न्यूनतम योग्यता विनियम 2018 के अनुसार किसी भी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में अध्यापन हेतु नेट/सेट या पीएचडी योग्यता अनिवार्य है.

# आधा दर्जन जुआरियों को पैसे के साथ पुलिस ने पकड़ा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 अक्टूबर, जुआरियों के खिलाफ मऊगंज जिले में अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है. हनुमना में आधा दर्जन जुआरी पकड़े गये.**

हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगर के वार्ड नंबर 7 सगरा कला स्थित कुरी प्लांट में देर रात जुआ खेलते हुए आधा दर्जन लोगों को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की है. थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की. टीम में प्रधान आरक्षक अतुल तिवारी, आरक्षक शोभित सिंह एवं मनीष पाण्डेय विवेक यादव शामिल रहे.

पुलिस को सूचना मिली थी कि सगरा कला के कुरी प्लांट में कुछ लोग खुले स्थान पर ताश के पत्तों पर रुपये की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है. सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मौके पर दबिश दी, जहां से कई लोगों को गिरफ्तार किया गया. जुआ खेलते हुए पकड़े गए आरोपियों के पास से कुल 11,050 नकद राशि एवं ताश के 52 पत्ते जप्त किए गए हैं. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी अनिल काकडे ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. हनुमना पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा.

# शिक्षाविद प्रो. अवधेश प्रसाद पाण्डेय का निधन

रीवा, 26 अक्टूबर, ख्यातिलब्ध शिक्षाविद प्रो. अवधेश प्रसाद पाण्डेय का 92 वर्ष की आयु में उनके गृह ग्राम रिमारी तहसील सिरमौर में शनिवार 25 अक्टूबर को प्रात: काल निधन हो गया. निधन पर समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे, महाबली गौतम, बसंत कुमार दुबे, सुभाष पाण्डेय, डॉ. ऋषिकेश ओझा, प्रोफेसर शिव कुमार दुबे, नलिन कुमार दुबे, लक्ष्मण कुमार दुबे, श्याम राज सिंह ने शोक व्यक्त किया.

# मंदिर में मूर्ति तोड़ने वाला एक और आरोपी चढ़ा पुलिस के हाथ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 अक्टूबर, मनगवां पुलिस ने मूर्तियों में तोड़फोड़ करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है. जबकि अन्य की तलाश जारी है.**

मनगवां बस्ती में स्थापित प्राचीन मढुली माता मंदिर की मूर्तियो को रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्धेश्य से मन्दिर में स्थापित मूर्तियों को तोड फोड कर खण्डित कर दिया है. घटना के एक आरोपी मोहम्मद उमर अंसारी उर्फ साहिल निवासी मनगवां बस्ती को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है.

मामले में फरार आरोपीगणो में से एक और आरोपी मोहम्मद अहमद खान निवासी मनगवां को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया. प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की पता तलाश लगातार जारी है.

# नशीली कफ सिरप के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 अक्टूबर, समान थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया है. जिनके पास से 1920 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद की है.**

25 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की 03 व्यक्ति एक स्कोडा कार क्र. डीएल 8 सीएक्स 5145 मे अवैध नशीली कफ सिरप लेकर बिक्री करने हेतु रिंग रोड गडरिया मोड के पास खडे है. थाना समान पुलिस व्दारा घेराबन्दी कर तीनो संदेही तथा उसके कब्जे के स्कोडा कार की तलाशी ली गई. तलाशी लेने पर 08 सफेद रंग की बोरी के अंदर 1920 शीशी अवैध नशीली कफ सीरप बरामद हुई.

गिरफ्तार आरोपियों में आनंद विश्वकर्मा उर्फ छोटू पिता अजय विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी इटौरा बाईपास, सुशील मांझी पिता स्व.अनंतलाल मांझी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम डीह थाना सोहागी एवं कृष्णम प्रताप सिंह पिता भैरव नाथ सिंह उम्र 26 वर्ष शामिल है.

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 अक्टूबर, द्वारिका और सोमनाथ तीर्थस्थान की यात्रा के लिये रीवा रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया.**




विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता एवं अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने गत रात्रि तीर्थदर्शन ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया. उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है. इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है. इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर प्राप्त हुआ. तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना की गई. यह ट्रेन 31 अक्टूबर को वापस लौटेगी. इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ मऊगंज जिले के 179, सतना के 200 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी. तीर्थयात्रियों को सहयोग देने के लिए प्रत्येक जिले से चार अनुरक्षक भी उनके साथ रवाना हुये. यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, चाय और नाश्ते की नि:शुल्क सुविधा दी जाएगी.

# रेमकी कम्पनी यूपी से ला रही आरडीएफ, ग्रामीणों ने चार ट्रक पकड़े

नवभारत न्यूज

**रीवा, 26 अक्टूबर, रीवा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़िया स्थित रीवा एमएसडब्ल्यू कचरा प्रबंधन प्लांट में आज एक बार फिर अवैध रूप से बाहर से आरडीएफ लाए जाने पर हंगामा खड़ा हो गया.**

ग्रामीणों ने प्लांट के बाहर प्रदर्शन कर कंपनी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. रेमकी कंपनी द्वारा संचालित इस प्लांट में अनुबंध के मुताबिक केवल रीवा, सीधी और सतना नगर निगम (28 यूएलबी) का कचरा ही लाने की अनुमति है. इसके बावजूद लंबे समय से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, बनारस, बलिया, नोएडा , लखनऊ सहित अन्य जिलों से अवैध रूप से आरडीएफ लाया जा रहा था. कई बार नगर निगम कमिश्नर द्वारा बाहरी आरडीएफ पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश जारी किए जाने के बाद भी नियमों का उल्लंघन जारी रहा. रविवार को मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा पहुंचे और प्रयागराज से आरडीएफ लाने वाले चार ट्रक को रेमकी प्लांट के अंदर पकड़ा. मौके पर नगर निगम की टीम और आईई की टीम पहुंची और जांच प्रारंभ की. मौके पर पंचनामा तैयार किया. ग्रामीणो ने कम्पनी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है. विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता और ग्रामवासी विनोद शर्मा, समाजसेवी अभिषेक तिवारी, सुभाष तिवारी, मोरु, अंकित, राजेश, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.



पहड़िया स्थित कचरा प्लांट में विनोद शर्मा एवं ग्रामीणजन